लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

संख्या– 85 /05/ई–4/RO/ARO (M)/2023/2025–26 टी.सी.

प्रयागराज, दिनांक: 10 फरवरी, 2026

**विज्ञप्ति**

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि परीक्षा–2023 के अन्तर्गत **सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु कम्प्यूटर आधारित हिन्दी टाईपिंग परीक्षा दिनांक 16 फरवरी, 2026 (सोमवार) से 19 फरवरी, 2026 (गुरूवार) तक प्रतिदिन दो सत्रों में (प्रथम सत्र–पूर्वाह्न 9:30 से 11:30 बजे एवं द्वितीय सत्र–अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक प्रदेश के लखनऊ जनपद स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में संलग्न परीक्षा कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी।** उक्त टाईपिंग परीक्षा में क्रुति देव (Kruti Dev 010) फॉण्ट के साथ–साथ मंगल इनस्क्रिप्ट फान्ट का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। **सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक–11.02.2026 से उपलब्ध रहेगा। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटोग्राफ एवं आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा कक्ष में अन्तरीक्षक को आईडीप्रूफ की एक छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पूर्व प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा।**

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–8, सन् 2024) दिनांक–06 अगस्त, 2024 प्रवर्तनीय है। उक्त अधिनियम में प्राविधानित है कि ''परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड़यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय है। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन करावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।''

(वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)

उपसचिव।

**समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि परीक्षा–2023 के अन्तर्गत**

**सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु**

**हिन्दी टंकण परीक्षा**

**प्रथम सत्र– पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक**

**द्वितीय सत्र– अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक**

**परीक्षा कार्यक्रम**

| क्र0सं0 | दिनांक | सत्र | अनुक्रमांक से अनुक्रमांक तक | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16.02.2026 | प्रथम सत्र | 0000428 से 0174823 तक | 150 |
| | | द्वितीय सत्र | 0175330 से 0352133 तक | 150 |
| 2 | 17.02.2026 | प्रथम सत्र | 0352993 से 0491628 तक | 150 |
| | | द्वितीय सत्र | 0491890 से 0677000 तक | 150 |
| 3 | 18.02.2026 | प्रथम सत्र | 0677550 से 0841551 तक | 150 |
| | | द्वितीय सत्र | 0843011 से 0998561 तक | 150 |
| 4 | 19.02.2026 | प्रथम सत्र | 1000985 से 1073611 तक | 75 |

(वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)
उपसचिव।